तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 16.4 डिग्री


हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 27 मार्च 2024



11 धुल्हेंडी पर उड़ा रंग-गुलाल महिलाओं ने बरसाए कोरड़े





12 मां को थप्पड़ मारने की रंजिश के चलते पड़ोसी की हत्या




## खबर संक्षेप

### एंबुलेंस से इनवर्टर-बैट्री चोरी का आरोपी काबू

**गोहाना।** शहर थाना गोहाना की पुलिस ने नागरिक अस्पताल गोहाना में खड़ी एंबुलेंस से इनवर्टर व बैट्री चोरी करने की घटना में आरोपित गांव खानपुर कलां के सुनील को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एंबुलेंस के चालक सतीश ने शिकायत दी थी कि 24 मार्च को की रात को नागरिक अस्पताल में खड़ी एंबुलेंस से इनवर्टर व बैट्री चोरी कर ली गई थी।

### अज्ञात व्यक्ति ने स्कूल में घुसकर तोड़फोड़ की

**गोहाना।** गांव सिकंदरपुर माजरा में अज्ञात व्यक्ति ने संत बाबा घोघर पब्लिक स्कूल में घुसकर तोडफोड़ कर दी। इसके साथ वाहन की चाबी चोरी कर ली। रविवार रात 10 से दो बजे के बीच में अज्ञात व्यक्ति स्कूल की साइंस लैब में घुसा। उसने एलईडी और लैंड लाइन फोन तोड़ दिए। इसके साथ में वाहन की चाबी चोरी कर ली। सोमवार को स्कूल जाने पर तोडफोड़ का पता चला।

### विद्यार्थी बोले, हर साल हो जातिगत जनगणना

**राई।** चुनाव के दौर से शिक्षण संस्थान भी अछूते नहीं हैं। राजीव गांधी एजुकेशन सिटी स्थित निजी विवि के कई विद्यार्थी जातिगत जनगणना की मांग समेत तीन मांगों को लेकर विवि के गेट पर सप्ताह भर से धरनारत है। उनका कहना था कि वह वार्षिक जातिगत जनगणना समेत तीन मुख्य मांग कर रहे हैं। जिसमें दूसरी मांग आंबेडकर स्मृति व्याख्यान का आयोजन करवाना है तो तीसरी मांग में लेट फीस पर कोई भी जुर्माना ना लगाने की मांग है।

# मंडी में रजिस्ट्रेशन के बाद भी नहीं खरीदी गई सरसों

## कम दामों में प्राइवेट आढ़तियों को फसल देने पर मजबूर धरती-पुत्र

सरसों की सरकारी खरीद शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रदेश सरकार की तरफ से सरसों की सरकारी खरीद को शुरू कर दिया है, लेकिन मंडियों में फसल का रजिस्ट्रेशन होने के बावजूद फसल को नहीं खरीदा गया। गांव-देहात से फसल को लेकर सोनीपत नई अनाज मंडी में पहुंचे किसानों के हाथ निराशा लगी। किसानों को सरकारी खरीद पर फसल बेचने के लिए पटवारी से वैरिफाई करना अनिवार्य होना बताया जा रहा है। जिसके चलते किसान कम दामों पर निजी आढ़तियों को फसल को बेचने पर मजबूर है, किसानों के सामने फसल बेचने में नमी की मात्रा बाधा बन रही है। जिसके चलते किसानों में नाराजगी दिखाई दे रही है। वहीं कमेटी सचिव की तरफ से मंडी में सफाई व्यवस्था व पीने के पानी को किसानों के लिए उपलब्ध करवाने की बात कही जा रही है। बता दें कि प्रदेश सरकार की तरफ से 26 मार्च से सरसों की फसल को सरकारी खरीद पर खरीदने की घोषणा की थी। सरकारी आदेश होने के बाद किसान अपनी फसल को लेकर शहर के सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग पर स्थित नई अनाज मंडी में पहुंचे। जहां किसानों को निराशा हाथ लगी। मंडी में पहुंचे गांव लहराडा.निवासी किसान ने बताया कि उसने करीब छह एकड़ में सरसों की फसल उगा रखी है। उसने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी करवाया है। सरकारी खरीद शुरू होने के चलते वह मंडी में चार एकड़ की सरसों लेकर पहुंचा। उसे जानकारी मिली कि पटवारी की तरफ से उसकी फसल को वैरिफाई नहीं किया गया है, जिसके चलते उसकी फसल को सरकारी रेट पर नहीं खरीदा गया है। वहीं मंडी में पहुंचे किसान राजेश ने बताया कि वह पांच एकड़ की फसल लेकर मंडी में आया है। उसे जानकारी मिली है कि सरकारी खरीद के लिए उसे कागजों पर पटवारी से वैरिफाई करवाना होगा। उसके बाद उसकी फसल की सरकारी रेट पर बिक्री होगी। जिसके कारण वह आढ़ती के पास अपनी फसल मजबूरी में बेच रहा है।

■ मंडी में फसल लेकर पहुंचे किसान वापस लौटे, नमी की मात्रा के चलते उठानी पड़ रही परेशानी





**सोनीपत।** मंडी में सरसों को सुखाते हुए श्रमिक, रजिस्ट्रेशन दिखाता किसान (इनसेट में) तथा सरकारी कार्यालय में जानकारी लेते हुए किसान। *फोटो : हरिभूमि*

### सरकारी खरीद पर कागजी ग्रहण

मिली जानकारी के अनुसार सोनीपत अनाज में मंडी में सरसों की फसल को 4800 रुपये लेकर 5200 रुपये तक प्राइवेट तौर पर बिक्री हो रही है। सरकारी खरीद 5650 रुपये सरकार की तरफ से निर्धारित किया हुआ है। आढ़ी सोनू शर्मा ने बताया कि मंडी में प्राइवेट तौर से सरसों की खरीद हो रही है। सरकारी खरीद का पहला दिन है। किसानों का रजिस्ट्रेशन होने के बाद उनकी फसल नहीं बिक रही है, गत दिनों पहले पटवारी हड़ताल पर चले गए थे। जिसके चलते किसानों की फसल की वैरिफिकेशन नहीं हो पा रही है। कागजी व वैरीफिकेशन की प्रक्रिया के चलते धरती पुत्रों को मंडी में पहुंचने पर नाराजगी मिल रही है। मंगलवार को मंडी में सरसों की फसल तो पहुंची, लेकिन सरकारी खरीद की बजाय किसान निजी आढ़तियों व वायापारी को फसल देने पर मजबूर है।

### मंडी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता

किसानों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने को लेकर व्यवस्थाएं की गई है। मंडी में साफ सफाई और शेड पूरी तरह से तैयार हैं। रिपेयरिंग का कार्य भी मुकम्मल हो चुका है। शौचालय की भी साफ सफाई करवा दी गई है। सरसों की फसल का सरकारी रेट 5650 सरकार की तरफ से निर्धारित किया गया है। सरकारी खरीद करवाने को लेकर मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। किसान अपनी फसल को अच्छी तरह से साफ करके और सुखाकर मंडी में लेकर पहुंचे। नमी ज्यादा होने के कारण ने फसल बेचने में परेशानी उत्पन्न होती है। अनाज मंडी में हेफेड सरकारी खरीद करेगी। पिछली बार सरसों की आवक 20 हजार 365 किवंटल पहुंची थी। इस बार ज्यादा पहुंचने की संभावना मानी जा रही है।

- **ज्योति**, कमेटी सचिव, सोनीपत।

### मंडी में आए किसानों के हाथ लग रही निराशा

सोनीपत मंडी में आसपास के क्षेत्र में हजारों की संख्या में किसान अपनी फसलों को लेकर पहुंचते है। हाल में सरसों की सरकारी खरीद सरकार की तरफ से शुरू करने के आदेश मिले है। ऐसे में मंडी में आ रही फसल में नमी ज्यादा बताई जा रही है। आढ़ती से लेकर सरकारी खरीद करने के लिए फसल में 8 प्रतिशत तक नमी होने पर ही खरीद हो पायेगी। जबकि मौजूदा समय में फसल में 13 से लेकर 15 तक नमी मीटर दिखा रहा है। जिसके चलते किसानों में निराशा है। मंगलवार को कई किसान सरकारी खरीद में आ रही कागजी प्रक्रिया व नमी की मात्रा ज्यादा आने के चलते अपनी फसल को वापिस लेकर घर चले गए।

# पार्किंग स्थल पर साझा बाजार के विरोध में उतरे व्यापारी



**सोनीपत।** विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर निगम पहुंचे व्यापारी। *फोटो : हरिभूमि*


■ सुभाष चौक पर रखवाए थे बूथ, नगर निगम महिलाओं के उत्पादों की लगवाएगा प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम द्वारा सुभाष चौक पर सोमवार को फाग के दिन दुकान के बूथ रखवाए थे। जिनके विरोध में मंगलवार को जिला व्यापार मंडल के नेतृत्व में व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। सुभाष चौक पहुंचें व्यापारी प्रदर्शन के उपरांत जुलूस निकालते हुए नगर निगम तक पहुंचें। जहां पर निगमायुक्त विश्राम मीणा से मिलकर पार्किंग स्थल पर साझा बाजार न खोलने की मांग की। साझा बाजार में स्थापित होने वाली दुकानों को शहर में अलग-अलग जगहों पर चलाया जाए। इससे पार्किंग स्थल भी बचा रहेगा और अलग-अलग जगहों पर व्यापार भी ठीक होगा। इस पर निगमायुक्त विश्राम मीणा व मेयर निखिल मदान ने जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को नगर निगम अब लखपति दीदी बनाने जा रहा है। इसके लिए निगम ने सुभाष चौक पर साझा बाजार खोलने की तैयारी की है। इनमें स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने हाथ से बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने के साथ उनको बेच भी सकेंगी। इसके विरोध में सुभाष चौक पर जिला व्यापार मंडल के पदाधिकारी व सदस्य एकत्रित हुए। जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि शहर के अंदर पहले ही पार्किंग की समस्या है। अब निगम की ओर से सुभाष चौक के पास साझा बाजार खोले जाने से पार्किंग स्थल खत्म हो जाएगा। जिससे लोगों को गाड़ी खड़ी करने में परेशानी आएगी। ऐसे में उनकी मांग है कि साझा बाजार के बजाय शहर में अलग-अलग स्थानों पर दुकानें लगाए जाने से कोई परेशानी नहीं होगी। नंदवानी नगर पार्क, मित्तल नसिंर्ग होम के सामने, सुभाष चौक के पास, एटलस रोड पर, कच्चे क्वार्टर गुरुद्वारे के पीछे व अन्य जगहों पर एक-एक दुकान संचालित की जा सकती है।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान संजय वर्मा, संजय जैन, राकेश चोपड़ा, यशपाल अरोड़ा, बिट्टू जैन, सुशील स्याल, नरेंद्र धवन, जतिन डेंबला, हिमांशु कुकरेजा, रविंद्र सरोहा, जसविंद्र सिंह, राजबीर सैनी समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।







# आएगा सत्यप्रेम की कथा का सीक्वल

मुंबई। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था, जिसकी बदौलत इसने न सिर्फ अपनी लागत वसूलने में कामयाबी पाई अपितु निर्माता और वितरकों को मुनाफा भी हुआ। इस फिल्म से पहले कार्तिक और कियारा 'भूल भुलैया 2' में भी साथ काम कर चुके थे। उनकी केमेस्ट्री सबको अच्छी लगी। यह जोड़ी 'सत्यप्रेम की कथा' के सीक्वल में दोबारा दिखाई दे सकती है। फिल्म की प्रोड्यूसर शरीन मंत्री ने अपने एक इंटरव्यू में फिल्मों के कई पहलुओं पर चर्चा की और 'सत्यप्रेम की कथा 2' के बारे में भी बात की।

## लाइफ Style




# उर्वशी

## ऋषभ संग शादी पर दिया जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेले का नाम जब भी लिया जाता है, तो अपने आप ही लोगों की जुबान पर क्रिकेटर ऋषभ पंत का नाम आ जाता है। उर्वशी ने अपने काम से ज्यादा क्रिकटर संग अपनी कंट्रोवर्सी से सुर्खियां बटोरी है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का टाइटल जीतने वाली उर्वशी जल्द ही फिल्म जेएएनयू में नजर आने वाली है और एक्ट्रेस अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं।

मुंबई। इस फिल्म के प्रमोशन के बीच उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुष्मिता सेन के उनसे मिस यूनिवर्स इंडिया 2012 का टाइटल छीनने को लेकर बड़ा खुलासा किया था। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत से शादी के सवाल पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, उर्वशी ने हाल ही में इंटरव्यू के दौरान अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक्ट्रेस से वो सवाल पूछे गए, जो अक्सर ही फैंस उनसे करते रहते हैं। पहले तो उर्वशी रौतेला ने काफी आराम से होस्ट को उनका सवाल पूरा करने दिया। इस सवाल पर हर कोई उर्वशी के जवाब का इंतजार कर रहा था। होस्ट से लेकर फैंस सभी उम्मीद लगाकर बैठे थे कि एक्ट्रेस क्रिकेटर संग शादी के सवाल पर क्या बोलेंगी। मगर उर्वशी ने सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उर्वशी ने ऋषभ पंत संग शादी के सवाल पर जवाब में बोली, 'कोई कमेंट नहीं।' उर्वशी और ऋषभ का रिश्ते की सच्चाई क्या है, ये तो दोनों स्टार्स ही अच्छे से जानते हैं। मगर एक समय पर दोनों के रिलेशनशिप की खबरों ने खूब तूल पकड़ा था। लेकिन तब दोनों ने ही इन्हें अफवाह बताया था। साल 2018 में इन दोनों कई बार एक जगह पर स्पॉट किया गया है, फिर उस साल के बाद दोनों ने एक-दूसरे को व्हाट्सएप पर ब्लॉक तक दिया था। सोशल मीडिया पर दोनों क्रिप्टिक नोट लिखकर एक-दूसरे पर अपनी भड़ास भी निकालते रहे हैं, लेकिन जब ऋषभ का एक्सीडेंट हुआ था।

# एमिली ने शो की डाइवोर्स रिंग



**लॉस एंजेलिस।** आपने इंगेजमेंट रिंग के बारे में तो सुना है, लेकिन क्या कभी डाइवोर्स रिंग के बारे में सुना है। बदलते ट्रेंड में अब ये अब ये एक चीज भी जुड़ गई है। इसका श्रेय जाता है एक्ट्रेस एमिली रताजकोस्की को। एमिली ने अपनी क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करते हुए इंगेजमेंट की अंगूठी को नया लुक देकर उसे अपने तलाक से जोड़ा है। बता दें कि एक्ट्रेस ने 2022 में तलाक लिया था। वहीं, अलग होने के बाद अब एमिली अपनी बिखरी शादीशुदा जिंदगी को लेकर खुलकर बात कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में एक फोटो शेयर की, जिसमें उन्हें सगाई की अंगूठी को नए तरह की डिजाइन देकर सेलिब्रेट करते देखा जा सकता है। इस वायरल फोटो पर एक्ट्रेस ने बताया कि ये अंगूठियां उनके व्यक्तिगत विकास का प्रतिनिधित्व करती हैं। एमिली ने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी महिला को सिर्फ इसलिए उसे दिया गया डायमंड नहीं पहनना चाहिए क्योंकि वह किसी शख्स से अलग हो गई है। एमिली ने कहा कि इन अंगूठियों को पहन उसे ऐसा एहसास होता है, जैसे वह खुद को उस तरह से खुश रख सकती हैं, जैसे उन्होंने पहले कभी सोचा भी नहीं था।



# होली के रंगों में रंगी यामी

मुंबई। आम जनता से लेकर बॉलीवुड में होली त्योहार की धूम देखने को मिल रही है। वहीं इन दिनों प्रेग्नेंसी पीरियड एंजॉय कर रही एक्ट्रेस यामी गौतम पर तो होली से पहले ही इसका रंग चढ़ गया है। हाल ही में यामी की कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं, जिसमें वह होली के रंग में रंगी नजर आ रही हैं। उन्होंने व्हाइट सूट पेयर किया है। तस्वीरों में यामी के हाथों में येलो रंग देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने गालों पर भी पीला और गुलाबी रंग लगाया है। यामी के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान देखने को मिल रही है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो यामी हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में नजर आईं थीं। फिल्म ने दबे पांव वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। यामी अपने अभिनय से दर्शकों को बेहद प्रभावित करतीं है। इसके साथ ही उनकी सुंदरता के लोग कायल और दीवाने है।




# ऋतिक रोशन ने की अनन्या की तारीफ

मुंबई। एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की। पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ऋतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले 'खो गये हम कहां' देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है।

# अदा ने डांस बार में बिताई रातें

मुंबई। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर 2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी। वेब सीरीज 'सनफ्लॉवर' सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।





# इस साल पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली सेलिब्रेट करेंगे ये सितारे

मुंबई। इस बार फिल्म जगत के कई सितारों के लिए रंगों का त्योहार और भी रंगीन होने वाला है, क्योंकि वे पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली खेलने जा रहे हैं। पहली बार अपने बच्चों के साथ होली खेलने वालों की लिस्ट में राम चरण-उपासना से लेकर विराट-अनुष्का तक शामिल हैं।



### अनुष्का-विराट

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2024 में दूसरी बार माता-पिता बने हैं। अनुष्का-विराट के घर बेटे अकय कोहली का जन्म हुआ है। यह अनुष्का और विराट की अकाय कोहली के साथ पहली होली होगी।

### राम चरण-उपासना

सुपरस्टार राम चरण और उपासना शादी के कई सालों बाद साल 2023 में एक बेटी के माता-पिता बने। इस कपल की बेटी के साथ ये पहली होली है।

### विक्रांत मैसी-शीतल ठाकुर

एक्टर विक्रांत मैसी के लिए साल 2023 धमाकेदार रहा है। विक्रांत को उनकी 12वीं फेल फिल्म से पूरी दुनिया में पहचान मिली, वहीं उनके बेटे का जन्म भी हुआ। विक्रांत और शीतल की अपने बेटे के साथ ये पहली होली है।

### रुबिना-अभिनव शुक्ला

एक्ट्रेस रुबिना दिलैक को नवंबर 2023 में जुड़वां बच्चे हुए थे। इस बार रुबिना और अभिनव पहली बार अपनी जुड़वां बेटियों के साथ होली मनाएंगे।

### इशिता दत्ता-वत्सल सेठ

दृश्यम फेम एक्ट्रेस इशिता दत्ता और वत्सल सेठ के घर जुलाई 2023 में एक बच्चे का जन्म हुआ। बेटे के साथ इस कपल की यह पहली शादी होगी।

# रकुल ने कहा- मुझे 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बी-टाउन के पावर कपल में से एक हैं। हाल ही में जैकी और रकुल ने शादी रचाई है। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब छाई रहीं। ये कपल फिलहाल शादी के शुरुआती दिनों का आनंद ले रहा है। इसी बीच अभिनेत्री रकुल प्रीत अपने पति जैकी के साथ अपने संबंधों के बारे में खुलकर बात करती नजर आई हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'हम एक व्यक्ति के रूप में संपूर्ण हैं। साथ मिलकर हम अधिक खुश हैं। मुझे उन्हें दिन में 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं है कि मैं बोर हो रही हूं। आप कैसे हैं। मुझे यह पता लगाना होगा कि मुझे अपनी लाइफ में क्या करना है, उनके लिए भी यही बात है। हम दोनों जब भी साथ होते हैं,

# होली में नहीं होंगे बोर, बिंज वॉच कर डाले ये शानदार फिल्में और सीरीज

मुंबई। कुछ लोग होली का त्योहार मनाना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घर पर बैठकर होली एंजाय करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आज हमारे पास आपके लिए कुछ ऐसे वेब-ऐप्स हैं। इसे देखने के बाद आपका होली का त्योहार बहुत अच्छा बीतेगा और आप घर बैठे बिल्कुल भी बोर नहीं होंगे।




### ऐ वतन मेरे वतन

इस हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो पर सारा अली खान की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन रिलीज हुई है। यह एक देशभक्ति फिल्म है, जिसमें सारा अली खान ने उषा मेहता नाम की एक साहसी लड़की का किरदार निभाया है।

### अनैटमी ऑफ अ फॉल

फिल्म एनाटॉमी ऑफ द फॉल डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे बेटे की है जो अंधा है। और वह जानता है कि उसकी माँ ने उसके पिता को मार डाला है।




### फाइटर

अगर आपने अभी तक इस साल की सबसे चर्चित और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की फिल्म फाइटर नहीं देखी है तो बता दें कि अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ओपेनहाइमर

एमिली ब्लंट और किलियन मर्फी अभिनीत इस साल की सबसे अधिक ऑस्कर विजेता फिल्म ओपेनहाइमर भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप जियो सिनेमा पर जाकर देख सकते हैं।




### लुटेरे

इस हफ्ते डिज्नी+हॉटस्टार पर वेब सीरीज लुटेरे रिलीज हुई है। जो कि जाधव परिवार की कहानी है, जो बिहार से केन्या शिफ्ट हो जाता है। इस फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प है।

## खबर संक्षेप


गोहाना। रोष व्यक्त करते हुए कर्मचारी।

### मांगें पूरी न करने पर सरकार के खिलाफ रोष

**गोहाना।** शहर में जींद रोड पर स्थित नगर परिषद पार्क में मंगलवार को हरियाणा कर्मचारी महासंघ की गोहाना तहसील स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोहाना तहसील के तीनों खंडों खंड गोहाना, खंड मुंडलाना और खंड कथूरा इकाई के कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों ने इस दौरान लंबित मांगें पूरी न करने को लेकर रोष जताया।

### सड़क हादसे में गाड़ी चालक की मौत

**गन्नौर।** जीटी रोड पर हलदाना बार्डर के निकट हुए सड़क हादसे में एक गाड़ी चालक की मौत हो गई। गाड़ी चालक लुधियाना से माल लोड कर दिल्ली जा रहा था। इस दौरान आगे चल रही एक गाड़ी के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने से हादसा हुआ। प्रीतम पुरा दिल्ली के जगप्रीत सिंह ने बताया कि वह डीएस ट्रांसपोर्ट कंपनी का प्रबंधक है। कंपनी में अमरदीप निवासी यूपी चालक है। 24 मार्च को अमरदीप अपनी गाड़ी में लुधियाना से माल लोड कर दिल्ली आ रहा था।

### स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के कार्यक्रमों पर की चर्चा

**सोनीपत।** विभिन्न धार्मिक संगठनों के तत्वावधान में मंगलवार को वेबिनार का आयोजन किया गया। प्रेमचंद झा (राष्ट्रीय अध्यक्ष आदित्य वाहिनी) एवं अश्वनी मालिक (राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, पीठ परिषद) की अध्यक्षता में हुई ऑनलाइन संगोष्ठी में श्रीगोवर्द्धनमठ पूरी पीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज के कार्यक्रमों पर चर्चा की। हरियाणा प्रांत में भारत को हिन्दूराष्ट्र बनाने कि प्रकिया को गति प्रदान कराने हेतु आगामी समय में आदित्यवाहिनी-आनन्दवाहिनी का दो दिवसीय सम्मेलन का स्थान पंचकुला/चंडीगढ़ निश्चित करने के लिए सदस्यों ने सुझाव दिया और साथ ही शोभायात्रा भी निकाली।

# होली पर खूब उड़ा रंग-गुलाल महिलाओं ने बरसाए कोरड़े

डीजे व ढोल की थाप पर जमकर थिरके युवा

■ होली के रंग में रंगा रहा शहर व ग्रामीण क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले भर में धुलेंडी का त्यौहार धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहरवासी जहां होटलों और क्लबों में डीजे की धुन पर झूमे, वहीं कस्बों और गांवों में डीजे और ढोल की थाप पर लोगों ने जमकर डांस किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाइयां दी। युवाओं और बच्चों के सिर होली का उत्साह देखते ही बनता था। सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर जमकर मस्ती की। सोनीपत शहर के साथ-साथ खरखौदा, गन्नौर, गोहाना, राई में भी रंगों की धूम रही। गांवों में फाग खेला गया और एक दूसरे पर जमकर पानी डाला गया। सुबह से लेकर शाम तक जहां शहर की सड़कों पर हुजूम दिखा तो गांवों में भी लोगों ने रंगों के इस पर्व का जमकर लुत्फ उठाया। गांवों में महिलाओं ने होली के रंग को ओर गाढ़ा करते हुए देवरों पर जमकर कोरड़े बरसाए।


सोनीपत। वेस्ट राम नगर में फाग खेलते हुए।


फोटो :हरिभूमि

### बाजार में दोपहर बाद हुई चहलकदमी

धुलेंडी पर्व पर शहर की सड़कों पर और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। हर वर्ग के लोग इस पर्व की मस्ती में सराबोर नजर आए। बाजार में भी एक-दो दुकानों को छोड़कर ज्यादातर दुकानें बंद ही दिखी। सड़कों पर भी वाहनों की आवाजाही कम ही रही। वहीं दोपहर बाद फाग का रंग थोड़ा उतरा, जिसके बाद बाजारों में कुछ चहलकदमी दिखाई दी। रंगों के इस उत्सव पर मचने वाले हुड़दंग को देखते हुए पुलिस ने भी पहले से ही सभी व्यापक प्रबंध किए हुए थे। जिले में चौक-चौराहों पर पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। साथ ही सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्त करने के निर्देश दिए हुए थे।

### होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता

**सोनीपत।** मुरथल रोड पर जीवन विहार एक्सटेंशन में स्थित मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम मंदिर में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सीएम विंडो समाधान सहयोगी एवं भाजपा नेता तरुण देवीदास ने शिरकत की। कार्यक्रम में मथुरा से आए कथा वाचको द्वारा सुनाए गए भजनों ने सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। मंदिर में उपस्थित सभी भक्त जनों ने एक दूसरे को रंग एवं गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जितेंद्र कामरा, सुभाष, जसबीर, सुशील, हरफूल, अनिता, सुमन, सुनीता देवी, कृष्णा, कमल, रोशनी, आदि गण मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


फोटो 26 एसएनपी 12. कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता तरुण देवीदास।


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे मेयर निखिल मदान का स्वागत करते हुए आयोजक।

# आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है होली का पर्व : मेयर

■ मेयर निखिल ने कई सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम सोनीपत मेयर निखिल मदान ने सोमवार को होली के मौके पर आयोजित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मेयर निखिल मदान ने कहा की होली का पर्व रंगों, भाईचारे और आपसी प्यार प्रेम का पर्व है। इसलिए हम सबको इस त्यौहार पर अपने सभी मतभेद भूलकर सौहार्दपूर्ण माहौल में इस त्यौहार को मनाना चाहिए और केमिकल रहित सूखे रंगों से ही होली खेलनी चाहिए। होली के अवसर पर शंभु दयाल स्कूल में श्री श्याम बालाजी मंडल द्वारा श्री श्याम संकीर्तन एवं होली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मेयर निखिल मदान ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया और वहां मौजूद सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही मेयर निखिल मदान ने खाटू श्याम बाबा को नमन कर उनका आशीर्वाद लिया।

इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने उनके बहालगढ़ रोड़ स्थित अपने आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं और युवा साथियों से मुलाकात कर उनको गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।


इस दौरान हरि कौशिक, आदित्य मित्तल, राहुल शर्मा, पूर्व पार्षद बिन्नी भारद्वाज, पूर्व पार्षद डॉ. राकेश नरवाल, भले राम जांगड़ा, बलराज वशिष्ठ, अनिल सैन, प्रेम रेलन, सौरभ सचदेवा, प्रवीन सिसोदिया, ओमबीर धनखड़, राजकुमार शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, नरेश कंसल, आनंद कंसल, सौरभ शर्मा, हार्दिक, सतबीर, संजय रोहिल्ला, कुलदीप वत्स, नीरज शर्मा, धीरज शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# गन्नौर में धूमधाम से मनाया होली का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

धुलेंडी का पर्व सोमवार को उत्साह और उमंग के बीच मनाया गया। जगह-जगह खूब अबीर-गुलाल उड़े। युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह रहा। सुबह से रंग का जो दौर चला वह दोपहर तक जारी रहा। शाम को एक दूसरे को गुलाललगाकर गले मिले और होली की शुभ कामनाएं दी। इस दौरान लोगों ने पकवानों का भी आनंद उठाया।

उधर, पुलिस प्रशासन ने त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा के चौकस इंतजाम किए थे। सुबह 8 बजे से टोली में युवाओं के निकलने का क्रम शुरू हो गया था। रंग से सराबोर समूह में चल रहे युवा रास्ते में मिल रहे हर एक को रंगने में गुरेज नहीं कर रहे थे। कई जगहों पर ढोल-मजीरा बजाते हुए एवं होली गीतों पर लोगों ने ठुमके भी लगाए। इस दौरान अबीर-गुलाल की बौछार होती रही। छोटे बच्चे घर की छतों पर से आने-जाने वाले पर पिचकारी से रंग डाल रहे थे। सड़कों पर लोग डीजे लगा कर डांस करते नजर आए। दोपहर बाद तक रंग खेलने का सिलसिला जारी रहा।


गन्नौर। होली के रंग में रंगे क्षेत्र के लोग।

### 20 से अधिक मारपीट के मामले भी दर्ज

धुलेंडी के त्यौहार के बीच कई जगह पर होली के रंग में भंग भी डल गया। गन्नौर के विभिन्न इलाकों में करीब 20-25 जगह पर मारपीट हुई और उसमें दर्जनभर लोग घायल हो गए। हालांकि गन्नौर थाना में अभी तक किसी भी शिकायत पर मामला दर्ज नहीं हुआ है। काफी पक्षों के बीच समझौते भी हो गए। वहीं कुछ शिकायतें थाना में लंबित हैं, जिनमें पुलिस जांच कर रही है।

# शरारती तत्वों ने जमकर मचाया हुड़दंग

**सोनीपत/गोहाना।** होली पर्व के मौके पर शरारती तत्वों ने जमकर हुड़दंग मचाया। इस दौरान शहर के साथ ही कई गांवों में भी लोग आपस में भिड़ गए। अलग-अलग स्थानों पर हुए झगड़ों में 66 लोग घायल हो गए। उन्हें सोनीपत व गोहाना के नागरिक अस्पतालों में भर्ती कराया गया। जिनमें से कई घायलों को खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। होली फाग के दिन शहर और आसपास के गांवों में लोगों ने छोटी-छोटी बातों में झगड़ा कर एक-दूसरे पर हमला कर दिया। सोमवार सुबह से ही घायल लोगों का उपचार कराने के लिए पहुंचना शुरू हो गया था। इनमें लहराड़ा निवासी ईश्वर सिंह, विशाल नगर निवासी राजेश, रामनगर निवासी गायत्री, प्याऊ मनियारी निवासी सौम्या, सेक्टर-15 निवासी अनीश, सेक्टर-16 निवासी अन्नू, न्यू कबीरपुर निवासी मोनिका, दीपांशु, समेत कई लोग शामिल है। उन्हें सामान्य अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया।होली पर हुड़दंग के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पुलिस तैनात की गई थी। अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई घटना को रोकने के लिए पुलिस दिन भर दौड़ती रही। बावजूद इसके कई जगह रंग लगाने को लेकर महिलाओं से अभद्रता भी हुई। साथ ही कई जगह तनाव पर लड़ाई झगड़े हुए और 66 लोग घायल हुए हैं।

### ओपीडी में रही मरीजों की भीड़

होली पर्व के चलते रविवार व सोमवार के दिन ओपीडी बंद रही। मंगलवार को ओपीडी चालू होने पर मरीजों की भीड़ लगी रही। अन्य दिनों की बजाय ओपीडी में 30 फीसदी मरीजों की संख्या अधिक रही। जिला नागरिक अस्पताल की ओपीडी में 1800 मरीज और उपमंडल नागरिक अस्पताल की ओपीडी में 900 के करीब मरीज पहुंचे। अस्पताल में ओपीडी पर्ची बनवाने के साथ ओपीडी में चिकित्सक कक्ष के बाहर दिनभर मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। काफी देर बाद नंबर आने पर मरीजों को चिकित्सक से उपचार मिल सका।



गोहाना। प्रधानाचार्या प्रीति शर्मा को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# प्रीति शर्मा प्रिंसिपल ऑफ द ईयर पुरस्कार से अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

चंडीगढ़ के होटल रेडिसन रेड में यूनिवर्सल मैंटर एसोसिएशन द्वारा आयोजित 11वें शिक्षा नेतृत्व शिखर सम्मेलन में ग्लोबल पब्लिक स्कूल की प्राचार्या प्रीति शर्मा को उत्कृष्टता स्वरूप प्रिंसिपल ऑफ द ईयर 2024 के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान देने पर प्रधानाचार्या प्रीति शर्मा ने आभार व्यक्त किया। समारोह में उत्तर भारत के 10 राज्यों के 100 से अधिक प्रधानाचार्य शामिल रहे। इस समारोह में 80 प्रधानाचार्यों को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी अभूतपूर्व भूमिका के लिए इस सम्मान से अलंकृत किया गया। प्रधानाचार्या प्रीति शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण चुनौतियों तथा शिक्षण की प्रक्रिया में शामिल कमियों को दूर करके सहयोगात्मक शिक्षण प्रक्रिया पर जोर दिया। इस समारोह को शैक्षणिक संस्थाओं के लिए दृष्टिकोण बनाने, निरंतर प्रगति और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अंतदृष्टि प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर बताया।

# मानवता के पुजारी थे गणेश शंकर : डॉ. सुरेश

■ बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित शहीद स्मारक पर गणेश शंकर विद्यार्थी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के सदस्यों ने गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। मुख्य वक्ता मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा गणेश शंकर विद्यार्थी मानवता के पुजारी थे। उन्होंने इंसानियत की रक्षा और शांति स्थापना के लिए अपना बलिदान दे दिया था। वह पत्रकारिता जगत का ऐसा नाम थे जिनके लेखन से ब्रिटिश सरकार भी डरती थी। गणेश शंकर ने किसानों एवं मजदूर को हक दिलाने के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया तथा आजादी के आंदोलन में भी सक्रिय रहे। डॉ. सेतिया ने कहा कि जब अंग्रेजों द्वारा भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दिए जाने की देश भर में तीखी प्रतिक्रिया हुई तब घबराकर अंग्रेजों ने देश में सांप्रदायिक दंगे भडका दिए। गणेश शंकर ने दंगाग्रस्त इलाकों में घूम-घूम कर निर्दोष लोगों की जान बचाई।

समारोह में सतबीर पौड़िया, सतबीर रैबारी, सुभाष शर्मा, कृष्ण कश्यप, सोनू रैबारी, राजेश बाजवान और धर्मपाल नरवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।


गोहाना। गणेश शंकर विद्यार्थी को नमन करते हुए मोर्चा के सदस्य। फोटो :रिभूमि

### पहले दिन मंडियों में नहीं पहुंची सरसों

**गन्नौर।** सरकार की और से सरसों की खरीद का सीजन शुरू हो चुका है। सीजन के पहले दिन मंडी में सरसों की आवक ही नहीं हुई, लेकिन इस बीच मार्केट कमेटी प्रशासन ने सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां कर ली हैं। मार्केट कमेटी के सचिव दीपक सुहाग ने दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों को जमीन की साफ सफाई के पुख्ता इंतजाम करवाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विभाग सरसों की आवक के लिए पूरी तरह से तैयार है। नई अनाज मंडी में बिजली, पानी, शौचालयों व साफ-सफाई व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम हैं।

**सूचना**

मैं, सतीश कुमार पुत्र श्री जयनारायण निवासी हरीनगर, तह. गन्नौर, जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रवीन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, श्रीमती फूलपति विधवा स्व. सुभाष निवासी गांव बड़ी, तह. गन्नौर, जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सुनील व उसकी पत्नी श्रीमति रीमा मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, श्रीमती फूलपति विधवा स्व. सुभाष निवासी गांव बड़ी, तह. गन्नौर, जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र रविन्द्र व उसकी पत्नी श्रीमति रेखा मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# नकाबपोश हमलावरों ने रात के समय वकील को पीटा

■ 200 गज के प्लाट पर चल रहा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहर के पक्का बाग क्षेत्र में करीब आधा दर्जन नकाबपोश युवकों ने घर में घुसकर एक वकील पर हमला कर दिया। पीड़ित वकील गौरव शर्मा ने बताया कि उनका थाना कलां बाईपास के पास 200 गज का एक प्लाट है। जिस पर विवाद चल रहा है। उसके पिता द्वारा न्यायालय से स्टे आर्डर भी लिया गया है। जिसकी पैरवी वे स्वयं कर रहे हैं। दूसरे पक्ष के लोग कुछ बदमाशों से मिली भगत करके प्लॉट पर स्टे होने के बावजूद कब्जा करना चाह रहे हैं। उसे व उसके परिवार को विभिन्न तरीकों से डराने धमकाने की कोशिश की जा रही है। सोमवार को रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उसके घर के पिछले दरवाजे पर खटखटाने की आवाजे आई। जब उसने दरवाजा खोला तो हमलावरों ने उस पर लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जब उसने शोर मचाया तो हमलावर वहां से भाग गए। वहीं बार एसोसिएशन के प्रधान कमल शर्मा एडवोकेट ने पत्रकार वार्ता की और वकील पर हुए हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि वकील समाज में दूसरे लोगों को न्याय दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। यदि वकीलों के ऊपर भी इस तरह हमले होते हैं, तो यह चिंतनीय है। जल्दी ही बार एसोसिएशन की बैठक की जाएगी और वकील को न्याय दिलाने में सहयोग किया जाएगा। यदि पुलिस प्रशासन ने आरोपियों पर जल्दी कोई कारवाई नहीं की तो बार एसोसिएशन द्वारा वर्क सस्पेंड किया जाएगा।


खरखौदा। पत्रकारों को संबोधित करते बार एसोसिएशन प्रधान कमल शर्मा व अन्य वकील।

**Public Notice**

We, State Bank of India, hereby inform that Smt. Rajo W/o Shri Krishan, has mortgaged the Residential immovable property 1 Kitta House admeasuring 192Sqy Yrds in North-18', South-27'3" west. 75'6" in East, North to South 36' in eastern side 9'3"inch and towards southern side 39'6" Moja Baiyanpur Abadi situated plot no. 192 & 196 in ½ Share situated in eastern side out of the basic plot no.192 & 193 for the Individual Staff Housing Loas availed in the name of Smt. Rajo W/o Shri Krishan and Shri Krishan S/o Sh. Randhir Singh from our GT Murthal Branch (50228). The property documents of the said property were not traceable in the office and branch & lost property complaints has been filed vide application no. 132390152400237 dated 19-03-2024 by our empanelled advocate Sh. Rajinder Malik, as directed by bank. The details of documents are as follows:-
1.Transfer Deed No. 11610 date 12/10/2018 in the name of Smt. Rajo W/o Shri Krishan
2. Certified copy of Will Registraion No. 294 date 08/09/2000. This publication and information is for the general public as per bank's norms and procedures.

**Chief Manager (RACPC Sonipat)**

# रंगोली बनाकर पोषण के प्रति किया जागरूक

■ अपने खाने में हरी सब्जियों, फल और सलाद को बढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मंगलवार को खंड कथूरा कार्यालय में पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रंगोली के माध्यम से महिलाओं को पोषण बारे जागरूक किया गया। मार्गदर्शन डब्ल्यूसीडीपीओ निर्मला देवी का रहा। डब्ल्यूसीडीपीओ ने कहा कि जिस प्रकार से हमारे देश के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे में तीन रंग होते हैं उसी प्रकार से हमारे खाने में भी ये तीन रंग होंगे तभी वह पौष्टिक आहार बनता है। अच्छे पोषण के लिए अपने खाने में हरी सब्जियों, फल और सलाद को बढ़ाएं ताकि महिलाओं में खून की कमी को पूरा किया जा सके। कार्यक्रम में डब्ल्यूसीडीपीओ निर्मला देवी, सुपरवाइजर पिंकी, स्वीटी और लेखाकार रेखा ने महिलाओं को पोषण की शपथ दिलाई। बनवासा सर्कल में भी पोषण जागरूकता कार्यक्रम किए गए। स्लोगन प्रतियोगिता से महिलाओं को पौष्टिक आहार बारे जागरूक किया गया।



गोहाना। महिलाओं को पोषण की शपथ दिलाते हुए डब्ल्यूसीडीपीओ निर्मला देवी।

# राज्यमंत्री विशंभर का अभिनंदन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव माहरा के ग्रामीणों द्वारा नवनियुक्त राज्यमंत्री विशंभर वाल्मीकि का अभिनंदन किया गया। यह समारोह भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित वाल्मीकि के निवास पर किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा अपने मंत्रीमंडल के विस्तार में भाजपा नेता विशंभर वाल्मीकि राज्यमंत्री बनाए गए हैं। माहरा में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रवीन कश्यप, सरपंच पूनम देवी, भाजपा भैंसवाल मंडल अध्यक्ष सूरत सिंह, जसवीर बुटाना, कुलदीप वाल्मीकि, एससी मोर्चा की जिला महामंत्री सुरजीत बालगढ़, एससी मोर्चा के जिला सचिव रवि नैना, युवा मोर्चा के जिला सचिव अनिल और मुरथल मंडल के अध्यक्ष राहुल ने वाल्मीकि का अभिनंदन किया।


गोहाना। राज्यमंत्री विशंभर वाल्मीकि का अभिनंदन करते हुए

## खबर संक्षेप



### 10 को मनाएंगे डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**सोनीपत।** समता सैनिक दल एवं हरियाणा संयुक्त कर्मचारी एकता मंच के तत्वावधान में मंगलवार को कई कॉलोनीयों और सेक्टरों में यशवंत राव चौहान प्रदेश अध्यक्ष की अगवाई में छोटी-छोटी सभाएं करके बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और आदर्शों का प्रचार किया। इस दौरान 10 अप्रैल को अंबेडकर पार्क नजदीक बस अड्डा सोनीपत पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती का निमंत्रण भी दिया गया।

### पत्नी से मारपीट करके हाथ तोड़ा, भर्ती

**गोहाना।** गांव मुंडलाना में एक महिला से उसके पति ने मारपीट की और हाथ तोड़ दिया। उसे नागरिक अस्पताल गोहाना से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। मनीषा ने पुलिस को बताया कि उसका पति उसे गाली देने लगा। उसने गाली देने से मना किया तो उससे मारपीट की और उसका हाथ मरोडकर तोड़ दिया।

### युवक ने परेशान होकर की आत्महत्या

**खरखौदा।** मटिंडू गांव में एक युवक ने रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी। गांव खरमान निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि उसके मामा का लड़का रवि कुछ दिन पहले उनके पास आया था। तब उसने बताया था कि गांव का वीरेंद्र उसे काफी परेशान कर रहा है। जिसने उसकी सारी जमीन को बिकवा दिया है। इसके बावजूद वह अभी भी उसे काफी परेशान कर रहा है। रवि की जेब से सुसाइड नोट भी लिखा हुआ मिला है।

### स्कूटी चोरी में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सीआईए सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विकास उर्फ छोटा निवासी खेड़ी मनाजात का है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की स्कूटी को बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# लोकसभा चुनाव 2024: भाजपा मैदान में, कांग्रेस पूरी तैयारी से जुटी

- राई से विधायक मोहन लाल बड़ौली को भाजपा ने बनाया प्रत्याशी
- कांग्रेस अभी भी लगी है माथापच्ची में, अधिक उम्मीद भाजपा वाली रणनीति अपनाने की
- जजपा भी सोनीपत में दिखाएगी दमखम, कई नेता है लाइन में कुछ सेलिब्रिटी भी

दीपक वर्मा ▶▶| सोनीपत

लोकसभा चुनावों का रण सज चुका है। अब इंतजार हो रहा है सिपेहसलारों का। भाजपा ने तो अपना प्रत्याशी चुन लिया है, भाजपा ने राई से विधायक मोहन लाल बड़ौली को ही लोकसभा का टिकट दिया है। लगातार बार से सांसद रमेश कौशिक का टिकट काटकर भाजपा ने ब्राह्मण वर्ग से ही अपना प्रत्याशी चुना है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस अभी तक अपना प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है। दावा करने वाले तो बहुत हैं, लेकिन अभी तक प्रत्याशी का चुनाव संभव नहीं हो पाया है। जानकारों का कहना है कि इस बार कांग्रेस भी भाजपा वाला दांव खेल सकती है। समीकरणों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस भी किसी नॉन जाट प्रत्याशी को मैदान में उतार सकती है। पिछली बार 1999 में कांग्रेस ने गैर जाट प्रत्याशी चिरंजी लाल शर्मा को मैदान में उतारा था। दूसरी ओर जजपा भी सोनीपत से ताल ठोंक सकती है। 2019 के लोकसभा चुनावों में सोनीपत से जजपा ने दिग्विजय चौटाला को मैदान में उतारा था, इसीलिये पूरी उम्मीद है कि इस बार भी सोनीपत से जजपा उम्मीदवार मैदान में उतारेगी। सुनने में आ रहा है कि जजपा द्वारा किसी सेलिब्रिटी को चुनाव मैदान में उतारा जा सकता है। इस सूची में हरियाणवी महिला कलाकार प्रांजल दहिया का नाम भी सामने आ रहा है। रही बात इनेलो की तो सोनीपत को हॉट सीट बनाने के लिये इनेलो भी यहां से अपना कोई प्रत्याशी खड़ा कर सकती है।

बता दें कि आज तक सोनीपत सीट पर कुल 12 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं। सबसे अधिक भाजपा ने 4 बार सोनीपत को जीता है, दूसरे नंबर पर कांग्रेस ने 3 बार सोनीपत फतेह की। वहीं एक-एक बार जनता पार्टी, जनता पार्टी (एस), जनता दल, हरि. लोकदल व आजाद उम्मीदवार विजयी होकर लोकसभा पहुंचें हैं।

### सबसे अधिक जाट मतदाता, 5 लाख से भी ज्यादा

सोनीपत लोकसभा सीट में मतदाताओं का कुल आंकड़ा 17 लाख से अधिक है। इसमें सबसे अधिक जाट वोटर्स हैं। सिर्फ सोनीपत विधानसभा को छोड़कर बाकि आठों विधानसभाओं में जाट मतदाताओं की संख्या 60 हजार से अधिक है। ऐसे में औसत भी जोड़ा जाए तो लोकसभा में जाट वोटर्स की संख्या 5 लाख हो जाती हैं। कांग्रेस जाट मतदाताओं को अपना परंपरागत वोट बैंक मानती है। इसी वजह से कांग्रेस भी भाजपा की राह पर चलते हुए गैर जाट प्रत्याशी को मैदान में लाने की तैयारी में हैं। वहीं जजपा और इनेलो मिलकर कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक को खराब कर सकती है।

### सोनीपत एक दृष्टि में

सोनीपत लोकसभा में कुल 9 विधानसभा आती हैं, जिसमें सोनीपत, गन्नौर, राई, खरखौदा, गोहाना, बरोदा, सफीदों, जुलाना और जींद शामिल है। लोकसभा में 2019 में कुल 11 लाख 31 हजार 146 मतदाताओं ने अपने मतदान का प्रयोग किया था। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो सोनीपत लोकसभा लोकसभा में सोनीपत जिले की सभी 6 विधानसभाओं के साथ-साथ जींद जिले की 3 विधानसभा भी शामिल हैं। 9 विधानसभाओं वाली सोनीपत सीट को अगर विधानसभा के दृष्टिकोण से देखा जाए तो कांग्रेस का पलड़ा थोड़ा भारी पड़ता है। 9 में से 5 विधानसभाओं पर कांग्रेसी विधायक हैं, वहीं 3 पर भाजपाई, 1 विधानसभा जजपा के खाते में हैं।




### ये है शेड्यूल

- 29 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।
- 6 मई तक नामांकन दर्ज करवाए जा सकेंगे।
- 7 मई को नामांकनों की छंटनी की जाएगी।
- 9 मई तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।
- 25 मई को मतदान होगा।
- 4 जून को मतगणना की जाएगी।

### ये है जिले में मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | थर्ड जैंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|
| गन्नौर | 1,03,003 | 88,958 | 0 | 1,91,961 |
| राई | 1,04,436 | 88,876 | 9 | 1,93,321 |
| खरखौदा | 93,430 | 80,832 | 9 | 1,74,271 |
| सोनीपत | 1,24,649 | 1,14,584 | 5 | 2,39,238 |
| गोहाना | 1,01,526 | 88,482 | 10 | 1,90,018 |
| बरोदा | 1,00,897 | 85,545 | 1 | 1,86,443 |
| कुल | 6,27,941 | 5,47,277 | 34 | 11,75,252 |

नोट : यह आंकड़ा 5 मार्च 2024 तक का है। साथ ही जींद में 1,96,276, सफीदों में 1,91,157 व जुलाना में 1,80,847 मतदाता है, जिन्हें मिलाकर लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं का कुल आंकड़ा 17 लाख 43 हजार 532 पहुंच जाता है।

### पिछली बार हॉट सीट थी सोनीपत

लोकसभा चुनाव 2019 में सोनीपत लोकसभा सीट को सबसे हॉट सीट माना गया था। क्योंकि यहां से कांग्रेस की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और जजपा की ओर से जजपा सुप्रीमों के छोटे बेटे दिग्विजय चौटाला मैदान में थे। वहीं भाजपा की ओर से उस समय के सीटिंग एमपी रमेश कौशिक को ही मैदान में उतारा गया था। इन चुनावों में हालांकि रमेश कौशिक ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को 1 लाख 64 हजार 864 मतों से हराया था।

## पुलिस ने दोनों आरोपितों को किया गिरफ्तार, अदालत में पेश

# मां को थप्पड़ मारने की रंजिश के चलते पड़ोसी की बेरहमी से हत्या

आरोपी युवक को उसके कमरे से बाहर खींचकर गली में लाए और चाकू से हमला किया


मृतक का फाइल फोटो

- युवक की हत्या से आस पास सनसनी फैल गई
- जिसने भी सुना मौके की और दौड़ पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई थाना क्षेत्र के गांव जठेड़ी में मां को थप्पड़ मारने की रंजिश में दो भाइयों ने पड़ोसी युवक की चाकू से हमला कर बेरहमी से हत्या दी। आरोपी युवक को उसके कमरे से बाहर खींचकर गली में लाए और गले व पेट में चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। परिजनों को मामले का पता लगा तो मौके पर पहुंचकर राई थाना पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद राई थाना प्रभारी व उनकी टीम मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए। मृतक युवक का भी आपराधिक रिकार्ड रहा है। वह राई थाना हिस्ट्रीशीटर था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित तुषार उर्फ अंकित व रितिक निवासी जठेड़ी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेज भेज दिया।

गांव जठेड़ी निवासी समुंद्र ने बताया कि वह रेलवे में ग्रुप डी में कार्यरत हैं। वह गांव के अंदर अपने घर में मां कमलेश के साथ रहते हैं। पिता का निधन हो चुका है। उनका बड़ा भाई जितेंद्र उर्फ मोनू (39) अविवाहित था और गांव में अशोक की कॉलोनी के साथ वाले मकान में रहता था। उनके भाई की करीब चार दिन पहले पड़ोस में रहने वाले अंकित उर्फ तुषार व रीतिक उर्फ कोनी की मां के साथ कहासुनी हो गई थी। महिला उनके भाई के पड़ोस में रहती है। मोनू ने उसे थप्पड़ मार दिया था। समुंद्र का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते सोमवार होली के दिन शाम पौने छह बजे उन्हें सूचना मिली कि उसके भाई जितेंद्र उर्फ मोनू की हत्या कर दी है। वह अपनी मां कमलेश के साथ मौके पर पहुंचे तो मोनू गली में खून से लथपथ मृत पड़ा था। जितेंद्र उर्फ मोनू की चाकू से वार कर हत्या की गई थी। उनके गले व पेट में कई जगह पर चाकू से वार किए गए थे। उन्हें पता लगा कि उनके भाई को कमरे से बाहर खींचकर लाने के बाद चाकू से हमला किया गया है। उसने शक जताया था कि मोनू की हत्या तुषार उर्फ अंकित, रीतिक उर्फ कोनी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर की है। सूचना के बाद राई थाना प्रभारी उमेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाकर सबूत जुटाए है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपितों गिरफ्तार कर लिया। दोनों से चाकू बरामद कर उन्हें अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया गया।


गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।

### गांव में खोली दुकान, चाय व गुटखा बेचता था युवक

मृतक की मां कमलेश ने बताया कि उनका बेटा जितेंद्र उर्फ मोनू राई औद्योगिक क्षेत्र में चाय की दुकान चलाता था। वह चाय के साथ गुटखा व शीतल पेय आदि भी बेचता था। वह उनसे अलग रहता था। उसे सूचना मिलने के बाद गली में पहुंची। जहां वल खुन से लथपथ हालत में पड़ा हुआ था। उसके गले पर तेजधार हथियार के निशान थे, उसके गले से खुन बह रहा था।

### युवक का रहा है आपराधिक रिकार्ड

हमले का शिकार हुए जितेंद्र का आपराधिक रिकार्ड रहा है। वह राई थाना हिस्ट्रीशीटर था। उस पर 1 मई, 2023 को तुषार उर्फ अंकित व रीतिक के पिता सुरेंद्र ने हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कराया था। दिल्ली वन विभाग में माली के पद पर कार्यरत सुरेंद्र ने आरोप लगाया था कि जितेंद्र उर्फ मोनू ने रंजिश के चलते उनके बेटे अंकित को 30 अप्रैल, 2023 की रात को कॉल कर धमकी दी थी। बाद में सुबह वह दूध लेने गए तो कार सवार जितेंद्र ने उन पर दो बार फायर किए थे। मोनू को पुलिस ने पकड़ लिया था। तब उसने रुपयों के लेनदेन में हमला करने की बात कबूल की थी। उस पर अन्य मुकदमे भी दर्ज थे। वह कुछ समय पहले ही जमानत पर आया था।

### चाकू किया बरामद

हत्या की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल की टीम को बुलाया। वारदात स्थल से नमूने एकत्रित कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपितों के पास से चाकू को बरामद कर लिया है। आरोपितों ने रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया है। **इंस्पेक्टर उमेश, प्रभारी राई थाना।**

# फ्रैंडस लाफिंग क्लब ने सतीश को दी महामुर्ख सम्राट की उपाधि


**सोनीपत।** महामुर्ख की उपाधि से सम्मानित करते हुए क्लब के पदाधिकारी।

- फ्रैंडस लाफिंग क्लब द्वारा होली मिलन समारोह के अंतर्गत महामुर्ख सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

फ्रैडस लाफिंग क्लब द्वारा होली मिलन समारोह के अंतर्गत महामुर्ख सम्मेलन का आयोजन नगर निगम पार्क सोनीपत में किया गया। हास्यमेव जयते व हास्य द्वारा विश्व शांति की प्रार्थना के साथ महामुर्ख सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। महामुर्ख सम्मेलन में देवराज डेम्बला मुख्य अतिथि व विशिष्ठ ओमप्रकाश मुंजाल, संजीव वलेचा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेन्द्र गर्ग रोहटिया ने की। इस अवसर पर लोगों ने अपनी हास्य रचनाएं, चुटकले, कविताएं, गीत व गजलों द्वारा लोगों का मनोरंजन किया। महामुर्ख सम्मेलन में आए लोगों ने हंसी के रंगीन फव्वारे व बौछारों के साथ लगाए जमकर ठहाके। इस अवसर पर फ्रैंडस लाफिंग क्लब हरियाणा द्वारा सतीश कुमार कथूरिया को महामुर्ख सम्राट की उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्लब के संस्थापक एवं अध्यक्ष सतपाल सिंह अहलावत ने कहा कि हमारा उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं साम्प्रदायिक सदभावना के लिए कार्य करना है। महामुर्ख सम्राट सतीस कुमार कथूरिया ने सभी लोगों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए भाईचारे व रंगों के इस पर्व को शांतिपूर्वक व प्रेम-प्यार के साथ मनाने की अपील की। क्लब के महासचिव सीताराम धवन की हास्य कविताओं व देवेंद्र गर्ग रोहटिया के मनमोहक नृत्य व चुटकुलों पर जमकर ठहाके लगे। सामाजिक सरोकार के अंतर्गत पानी बचाओ अभियान के अंतर्गत सुशील गोयल, गौरव गर्ग ने होली पर पानी की बबार्दी रोकने की अपील की। इस अवसर पर पवन कुमार, महेश कुमार, गुलशन, प्रकाश तनेजा, दयाल चंद मदान, प्रोफेसर जे के अग्रवाल, धर्मेंद्र बत्रा, सुशील कुमार त्यागी, कंवल रहेजा आदि रहे।

# फैक्ट्री कर्मी पर हमला कर हजारों रुपये की राशि लूटी, मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में फैक्टरी कर्मी पर हमला कर हजारों रुपये की नकदी लूटने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल कर्मी ने पुलिस को शिकायत देकर तीन बदमाशों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। एक आरोपित को पीड़ित ने पहचान लिा। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नगला कासगंज उत्तरप्रदेश निवासी देवेंद्र ने बताया कि वह फिलहाल दादा भैया मंदिर के पास कुंडली में किराए पर रहते है। वह कुंडली स्थित फैक्टरी में नौकरी करता है। वह रात को पौने नौ बजे फैक्टरी से कमरे पर जाने के लिए निकले था। जब वह कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कंपनी के सामने पहुंचे तो एक बाइक सवार तीन युवक वहां पर पहुंचे। तीनों ने आते ही हमला कर दिया। वह लात-घुस्से मारने लगे। उनकी बुरी तरह पिटाई कर युवक उनसे 51 सौ रुपये लूटकर भाग गए। उन्होंने एक युवक को पहचान लिया। वह गांव गढ़ी कुंडली का भोलू था। वह दो अन्य को भी सामने आने पर पहचान सकता है। उनके चेहरे पर ज्यादा चोट होने के कारण वह डर गया,और कमरे पर चला गया। उन्होंने अपने चाचा इंद्रपाल को मामले से अवगत कराया। उसके बाद डायल 112 पर कॉल की और मेडिकल करवाने चले गए।

# अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में गई तीन की जान

- नेशनल हाईवे-44 पर राई के पास ऑटो सडक पर खड़े ट्रक में टकराया, दो की मौत
- कुंडली, मुरथल, मोहाना में हुए हादसों में गई लोगों की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 व कुंडली, मुरथल, मोहाना थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन की जान चली गई। सूचना मिले ही मौके पर पहुंची संबंधित थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### ट्रैक्टर खरीदकर घर लौट रहे युवक की मौत

गांव साइयां खेड़ा निवासी जोगेंद्र ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। गत 24 मार्च को सुबह अपने ताऊ के लड़के राजीव के साथ यूपी अमरोहा गए थे। देर शाम को करीब 3 बजे ट्रैक्टर लेकर वापिस गांव लौट रहे थे। डासना से केजीपी रोडपर यमुना नदी को पार करने के बाद करीब 11.50 बजे कुंडली टोल टैक्स से करीब 5 किलो मीटर लघुशंका के लिए ट्रैक्टर साइड में रोक दिया। उसके बाद दोनों ट्रैक्टर के पीछे उतरकर शौच करने लगे। उसी दौरान एक ट्रक चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। उसका ट्रैक्टर पलट गया। उसके भाई राजीव को भी सिर में ज्यादा चोटें होने के कारण बेहोश हो गया। उसके बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। एबुलेंस की मदद से उन्हें अस्पताल में लाया गया।

### सड़क हादसे में मां की मौत बेटी घायल

सोनीपत-गोहाना सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार थार गाड़ी ने दो-पहिया वाहन पर होली का त्यौहार मनाकर वापिस लौट रही महिला व उसकी बेटी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के दौरान महिला मुकेश रानी की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी अरूण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द आरोपित कार चालक को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### हादसे का शिकार हुए युवक की गई जान

गांव सुनेहटी कैराना निवासी अकबर ने बताया कि उसका बेटा अरशद (22) गांव कोहन्ड करनाल में तीन साल से नाई की दुकान चलाता है। वह अपने बेटे अरशद के पास आया हुआ था। उसका बेटा अरशद गत 23 मार्च को 9 बजे अपने मामा नसीम का हालचाल जानने के लिए अस्पताल में जा रहा था। वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर निकला था। उसके बाद वह अनवर को लेकर साहिल की कार में निकल पड़ा। रात करीब 11.30 बजे दिल्ली की और जब मुरथल से आगे गांव नांगल फ्लाई ओवर के पास पहुंचे। उन्हें सड़क किनारे मोटरसाइकिल का एक्सीडेंट देखा। उसका लड़का अरशद सड़क हादसे में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। किसी अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया था। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

## भाजपा कार्यालय के बाहर इकट्ठा हुए आप पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष महेंद्र छिकारा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कुरुक्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस की बर्बरता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि बीजेपी की तानाशाही का खात्मा आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना भाजपा की तानाशाही है और भाजपा देश को तानाशाही शासन की ओर ले जा रही है। भाजपा अरविंद केजरीवाल से डरी हुई है। भाजपा की अरविंद केजरीवाल पर कार्रवाई केवल राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा पूरा हिंदुस्तान देख रहा है कि भाजपा देश में किस प्रकार लोकतंत्र का हनन कर रही है। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध पर बात न करके जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। लेकिन अब प्रदेश और देश की जनता भाजपा की मंशा समझ चुकी है। जनता लोकसभा चुनाव में देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट करेगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास का घेराव करने गए तो पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की। जो देश के लोकतंत्र के लिए बेहद निंदनीय है।


सोनीपत। भाजपा कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए आप कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी।

# जीटी रोड पर ट्रैक्टर ट्रक से टकराया एक किसान की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- मुरादाबाद से खरीद कर ला रहे थे ट्रेक्टर, केजीपी पर हुआ हादसा

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से अपने साथियों के साथ आ रहे किसान का ट्रेक्टर सोमवार की अलसुबह ट्रक से टकरा गया। हादसे में एक किसान की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। गांव सैंयाखेड़ा के रहने वाले राजीव, जोगेंद्र, गोपाल और अन्य साथी अपने गांव से मुरादाबाद ट्रेक्टर लेने के लिए गए थे। सोमवार की अल सुबह मुरादाबाद से केजीपी के रास्ते अपने गांव आ रहे थे। गोपाल व अन्य कार में कुंडली टोल के पास रुक गए। वहीं पीछे से ट्रेक्टर पर सवार राजीव और जोगेंद्र को पहुंचने में देरी हो गई। उनके साथी गोपाल ने फोन पर जानकारी लेनी चाही कि वे कहां तक पहुंचे हैं, लेकिन वहां उनका फोन केजीपी पर तैनात एंबुलेंस कर्मियों ने उठाया और उन्हें हादसे की सूचना दी। सूचना मिलने पर गोपाल अपने साथी को लेकर घटना स्थल पहुंचा, जिसके बाद राजीव और जोगेंद्र को घायल अवस्था में सोनीपत के निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने राजीव (40) उर्फ राजू को मृत घोषित कर दिया, जबकि जागेंद्र को प्राथमिक उपचार देकर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने राजीव के शव को कब्जे में लिया पोस्टमार्टम करवाकर स्वजनों को सौंप दिया है।

सैंयाखेड़ा में नहीं खेला गया फागलगभग 8 साल पहले राजीव के पिता प्रताप का भी निधन हो गया था। अब राजीव के पीछे दो लड़के हैं। घर में होली के दिन मातम छा गया है। पूरे गांव सैंयाखेड़ा में सोमवार को किसी ने फाग नहीं खेला। सोमवार को शव का अंतिम संस्कार दोपहर बाद किया गया है।